प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,

आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 30.09.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. शक्तिपीठ देवीपाटन और विन्ध्यवासिनी देवी समेत प्रदेशभर के दुर्गा मंदिरों में महाष्टमी पर उमड़े भक्त : मिशन शक्ति के तहत 5 लाख बालिकाओं का किया गया कन्या पूजन।
2. राज्य में कल से शुरू होगी खरीफ विपणन वर्ष 2025–26 के तहत धान की खरीद : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खरीद के 48 घंटे के भीतर भुगतान करने के दिए निर्देश।
3. वृंदावन के श्रीबांके बिहारी मंदिर में बढ़ी दर्शन की अवधि : आज से तीन घंटे अतिरिक्त खुलेगा मंदिर।

और

4. राजधानी लखनऊ समेत प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश ने दी गर्मी से राहत : मौसम विभाग ने जताया अगले 24 घंटों में राज्य के अधिकांश हिस्सों में बारिश का अनुमान।

——————————

प्रदेश भर में आज नवरात्रि का महाअष्टमी पर्व मनाया जा रहा है। बलरामपुर के देवीपाटन मंदिर, जौनपुर के शीतला चौकिया धाम और वाराणसी में अन्नपूर्णा माता मंदिर में भी अष्टमी पर विशेष पूजा अर्चना की जा रही है। मिर्जापुर के मां विंध्यवासिनी देवी मंदिर में सुबह से ही मां

के महागौरी स्वरूप के दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। पेश है एक रिपोर्ट.....

*प्रसिद्ध शक्तिपीठ विन्ध्याचल मे शारदीय नवरात्र की महाअष्टमी तिथि पर आज मां विंध्यवासिनी देवी के दिव्य स्वरूप के दर्शन को श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ रहा है। विंध्य धाम पहुंचे भक्तों और साधकों द्वारा विधि विधान के साथ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन पूजन और अनुष्ठान किए जा रहे हैं। मां गंगा में आस्था की डुबकी लगाने के बाद मंदिर पहुंचे भक्त भक्ति भाव से मां भगवती की चौखट पर मत्था टेक कर मंगल कामना कर रहे हैं। साथ ही हवन कुंड और मंदिर के शिखर की परिक्रमा कर अपनी श्रृद्धा अर्पित कर रहे हैं। भक्तों की भारी भीड़ के मद्देनज़र सुरक्षा के व्यापक प्रबन्ध किए गए हैं। एस एम सबा आकाशवाणी समाचार विन्ध्याचल मिर्ज़ापुर।*

————————

मिशन शक्ति अभियान के पांचवें चरण के तहत प्रदेश भर में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। प्रदेश सरकार की ओर् से नवरात्रि की अष्टमी और् नवमी तिथियों पर कन्या पूजन कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।पेश है एक रिपोर्ट.....

*मिशन शक्ति के तहत आज प्रदेश में 5लाख से अधिक कन्याओं का पूजन किया गया। साथ ही 1,500 से अधिक बालिकाओं को मुख्यमंत्री कन्या समंगला योजना से भी जोड़ा गया। इन आयोजनो में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, लोकगीतों और संवाद सत्रों के जरिए बालिकाओं को शिक्षा, पोषण, स्वास्थ्यऔर आत्मनिर्भरता के लिए प्रेरित किया गया। इस अभियान के तहत सभी विधान सभाओं में विधायक खेल स्पर्धा का आयोजन भी किया जा रहा है जिसमें लगभग 1.5 लाखमहिला खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगी। आकाशवाणी समाचार कक्ष से तनवीर फातिमा।*

————————

नवरात्रि के मौके पर प्रयागराज में भव्य और आकर्षक दुर्गापूजा पंडाल श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बने हुए है। शहर के विभिन्न इलाकों में बने पंडाल देश के अलग अलग हिस्सों की सांस्कृतिक विरासत से परिचित करा रहे हैं। दुर्गा पूजा पंडाल प्रबंधक नवीन चतुर्वेदी ने बताया कि उनके पंडाल में इस बार मां गंगा की मिट्टी से बनी इको फ्रेंडली मूर्तियां स्थापित की गई है जो पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रही हैं। बाइट....

*मूर्तियां पूरी तरीके से इको फ्रेंडली हैं, मिट्टी की बनी हुई हैं, प्लास्टर ओफ पेरिस का कतई इस्तमाल नहींकिया गया है, औरजो कलर्स भी हैं, वोभी सिंथेटिक नहीं हैं. खासतौर से स्पेशल कहा गया था मूर्तिकार को, जो थे उन्होंने बोला कि जब मूर्ति जायेगी तो किसी भी प्रकार का उससेप्रदूषण नहीं होगा।*

———————————

खरीफ विपणन वर्ष 2025—26 के अंतर्गत प्रदेश में धान और श्रीअन्न की खरीद प्रक्रिया कल से शुरू हो जाएगी। राज्यके पश्चिमी जनपदों और लखनऊ संभाग के हरदोई, लखीमपुर खीरी, और सीतापुर में धान की खरीद कल से शुरू होगी, जबकि पूर्वी जनपदों में पहली नवम्बर से धान खरीद शुरू होगी। खरीफ विपणन वर्ष 2025—26 के अंतर्गत होने वाली इस खरीद के लिए 23 हजार से अधिक किसानों ने पंजीकरण करा लिया है। राज्य के पश्चिमी जनपदों में 31 जनवरी और पूर्वी जनपदों में 28 फरवरी 2026 तक खरीद प्रक्रिया चलेगी। मुख्यमंत्री योगी

आदित्यनाथ ने खरीद के 48 घंटे के भीतर किसानों को भुगतान का निर्देश दिया है। क्रय केंद्र सुबह 9 से शाम पांचबजे तक खुले रहेंगे। धान बिक्री के लिए किसानों का खाद्य व रसद विभाग की वेबसाइट यायूपी किसान मित्र मोबाइल ऐप पर पंजीकृत होना अनिवार्य है।

———————

प्रदेश के कृषि, राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख ने आज लखनऊ में आयोजित राज्य स्तरीय रबी उत्पादकता गोष्ठी में भाग लिया। कृषि राज्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों की आय को दोगुना करनेके लिए निरंतर प्रयासरत है। बाइट....

*उत्पादन की जहां तक मैं आपको बताओं 2017 से पहले क्या उत्पादन था आज 2017 से और 2025 तक हमने जस्ट उत्पादन को दुगुना करने का काम किया है, तो उत्पादन को समय पर हम किसानों को खाद देने का काम करते हैं, हम किसानों को अच्छे बीज देने का काम करते हैं और अच्छी उनको मार्केटिंग भी देने का काम करते हैं। इसलिये किसान को कोई दिक्कत न आये।*

———————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक

समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————

कल से ट्रेन टिकट की बुकिंग के नये नियम लागू हो जाएंगे। नए नियम के मुताबिक रिजर्वेशन खुलने पर पहले 15 मिनट में केवल वहीं लोग ऑनलाइन टिकट बुक कर सकेंगे जिनका आधार वेरिफिकेशन हो चुका है।

———————

अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार भारत की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। ये सुधार विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं पर कर की दर कम करके नागरिकों को पर्याप्त लाभ प्रदान कर रहे हैं। पेश है एक रिपोर्ट......

*नई जीएसटी सुधारों के अंतर्गत सरकार ने सीमेंट, मार्बल और ग्रेनाइट जैसे निर्माण से जुड़ी चीजों पर टैक्स को घटाकर आम आदमी को बड़ी राहत दी है। नए कर ढांचे के अंतर्गत सरकार ने मार्बल और ग्रेनाइट पर कर दरों को 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया है। इसी प्रकार, सीमेंट पर भी जीएसटी को 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है। वहीं, सरकार ने ईंटों के निर्माण के लिए जॉब वर्क पर कर को घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया है, जो पहले 12 प्रतिशत हुआ करता था। जीएसटी 2.0 के तहत इस युक्तिकरण से उपभोक्ताओं और निर्माताओं को राहत मिलने के साथ ही आवास उद्योग को भी बढ़ावा मिला है। रोहन के साथ सौम्या शरण, आकाशवाणी सामाचार दिल्ली।*

———————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार सेवा और सुशासन के मंत्र के आधार पर परिवर्तन और प्रगति के लिए अथक प्रयास कर रही है। इस विशेष श्रृंखला– सेवा पर्व में आज हम आपको बता रहे हैं कि कैसे मोदी सरकार शिक्षा क्षेत्र में सुधारों के माध्यम से देश क युवाओं को सशक्त बना रही है।......

*निपुण भारत मिशन, पीएम श्री योजना, राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा और राष्ट्रीय ऋण रूपरेखा जैसी पहल शिक्षा के लचीलेपन, बहुविषयकता और अंतर्राष्ट्रीयकरण को बढ़ावा देती है। इस वर्ष 29 अप्रैल को नई दिल्ली में युगम सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि सरकार 21वीं सदी की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए देश की शिक्षा प्रणाली का आधुनिकीकरण कर रही है।*

*देश में नई नेश्नल एजुकेशन पॉलिसी लाई गई है। इसे शिक्षा के ग्लोबल स्टैंडर्ड्स को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। नई एजुकेशन पॉलिसी आने के बाद हम भारतीय एजुकेशन सिस्टतम में बड़ा बदलाव भी देख रहे हैं।*

*इन प्रयासों से भारत अपनी युवा आबादी को एक मजबूत और विकसित राष्ट्र की प्रेरक शक्ति में बदल रहा है।*

———————

वृंदावन के श्री बांकेबिहारी मंदिर में आज से भक्तों के लिए दर्शन की अवधि को बढ़ा दिया गया है। नई समय सारिणी के अनुसार अब श्रद्धालुओं को दर्शन के लिए तीन घंटे का अतिरिक्त समय मिल सकेगा। दर असल श्रीबांकेबिहारी मंदिर में समय में बदलाव को लेकर कुछ सेवायतों न कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था, जिसके बाद

सुप्रीमकोर्ट द्वारा गठित हाईपावर्ड कमेटी ने मंदिर में दर्शन का समय बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। नए समय के अनुसार सुबह सात बजे से साढ़ बारह बजे तक और शाम को सवा चार बजे से साढ़े नौ बजे तक मंदिर में दर्शन होंगे। वहीं सुबह की श्रंगार आरती 7 बजकर 10 मिनट पर, राजभोग आरती 12 बजकर 25 मिनट पर और शयन आरती रात 9 बजकर 25 मिनट पर होगी।

——————————

डुमरियागंज सांसद जगदंबिका पाल ने स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत आज सिद्धार्थ नगर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जिस समाज में नारी का सशक्तिकरण होता है वह समाज सबसे अधिक उन्नति करता है।

——————————

प्रदेश के कई हिस्सों में आज हुई बारिश से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिलो। राजधानी लखनऊ के साथ ही फर्रुखाबाद, मैनपुरी, श्रावस्ती और आसपास के जनपदों में हुई बारिश से तापमान में गिरावट आई है। वहीं महोबा में आकाशीय बिजली गिरने से तीन लोगों की मौत हो गई। मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों के लिए प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों में तेज़ हवाओं के साथ वर्षा का यलो अलर्ट जारी किया है।

(समाप्त)